पूर्णविराम, मुंबई, 23 मई, 2017

इंडियन डेंटल असोसिएशन ने मदरसा के छात्रों से तम्बाकू त्यागने की अपील की

संवाददाता / मुंबई

इंडियन डेंटल असोसिएशन (आईडीए) ने मालाड के मालवणी में मदरसा जामिया अरबिया मिन्हाजुल सुन्नाह के छात्रो को तम्बाकू के सेवन से होनेवाले नुकसान से एवं नशीली दवाईओं से होनेवाले गंभीर परिणामो के बारे में जानकारी दे कर उसे त्यागने की अपील की . आईडीए का यह पहला प्रयास था जिसे अच्छा प्रतिसाद मिला . इसे देखते हुए अब आईडीए देशभर में उसकी राज्यो और संघ प्रदेशो में फैली शाखाओं के जरिये इस प्रयोग को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है. इस बैठक में आईडीए के मानद सचिव डॉ. अशोक धोबले और उनके साथियो ने छात्रो और शिक्षको को नशीले और मादक पदार्थो के सेवन से होने वाले नुकसान पर जानकारी देते हुए उसे त्यागने की अपील की . इन पदार्थो से मौखिक एवं दांतों को होनेवाले नुकसान के बारे में बताया गया . स्वस्थ दांतों से चबाये गए खुराक से शरीर को लाभ मिलता है, दांतों को दिन मे दो बार ब्रश करके साफ़ करना जरुरी है और इस प्रक्रिया से आप स्वस्थ रह सकते है.

एजाज अली नामक वर्षीय छात्र ने बताया कि मदरसा से मिलने वाली शिक्षा में मौखिक स्वास्थ्य के बारे में कोई जानकारी नहीं दी जा रही इसीलिए ऐसी शिक्षा का प्रबंध होना जरुरी है. आज हमारे स्वच्छ कपडो के साथ साथ हमारे दांतों की सफाई भी उतनी ही जरुरी है .इसके लिए हमें किन आदतो को त्यागना होगा यह जानना भी महत्वपूर्ण है.